दिनांक–05.11.2026 को मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Additional Work of Audio Conference System of Bihar Legislative Assembly, Patna के कार्य हेतु आमंत्रित ई–निविदा के तकनीकी बीड पर निर्णय लेने हेतु आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक की कार्यवाही–

उपस्थिति–

(1) श्री असीम कुमार – मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।

(2) श्री आदित्य राज – विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना ।

(3) श्री विपिन कुमार – विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3, पटना ।

1. कार्य का नाम– Additional Work of Audio Conference System of Bihar Legislative Assembly, Patna.
2. प्रशासनिक स्वीकृति की राशि – रु0 2,01,86,505/–
3. प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग –भवन निर्माण विभाग, पटना का पत्रांक–83 (भ), दिनांक–05.08.2026
4. तकनीकी स्वीकृति की राशि – रु0 2,01,86,505/–
5. परिमाण विपत्र की राशि – रु0 2,00,36,324/–
6. तकनीकी स्वीकृति एवं परिमाण विपत्र का प्रसंग– मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, पटना का पत्रांक–588 (वि), दिनांक–21.09.2026
7. ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 51/2026–27 (विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3, पटना)
8. समाचार पत्र में प्रकाशन का प्रसंग – हिन्दुस्तान, दिनांक–25.09.2026
9. प्रकाशन का पी0आर0 संख्या – 012276(BCD)/2026–27
10. ई–निविदा आमंत्रण की तिथि – 21.09.2026
11. प्री–बीड बैठक की तिथि – 05.10.2026 को विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना
    06.10.2026 को मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, पटना
12. ई–निविदा (तकनीकी बीड) खोलने की तिथि–22.10.2026
13. ई–निविदा में भाग लेने वाले निविदादाताओं का नाम एवं पता–
    (i) मेसर्स ग्राफिक ट्रेडस प्रा0 लिमिटेड, पटना ।
    (ii) मेसर्स यूनिकॉम इंफोटेल प्रा0 लिमिटेड, पटना ।
    (iii) ई स्कवायर सिस्टम एंड टेक्नोलॉजी प्रा0 लिमिटेड, उड़ीसा ।
14. दिनांक–05.11.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक की कार्यवाही–

विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना के पत्रांक–2112, दिनांक–02.11.2026 द्वारा विषयांकित कार्य के निविदा के तकनीकी बीड अभिलेखों को समर्पित किया गया है । तद् आलोक में समिति के सभी सदस्यों द्वारा तकनीकी बीड अभिलेखों के जाँचोपरांत पाया गया कि–

(i) प्रथम निविदादाता मेसर्स ग्राफिक ट्रेडस प्रा0 लिमिटेड, पटना है । इनके द्वारा अपलोड किए गए अभिलेखों के जाँचोपरांत पाया गया कि निविदा के सभी शर्त्तों/नियमों एवं एस0बी0डी0 नियमों का अनुपालन किया जा रहा है । अतः इन्हें तकनीकी बीड में "रिस्पौंसिव" पाया गया ।

(ii) द्वितीय निविदादाता मेसर्स यूनिकॉम इंफोटेल प्रा0 लिमिटेड, पटना है । इनके द्वारा अपलोड किए गए अभिलेखों के जाँचोपरांत पाया गया कि निविदा के सभी शर्त्तों/नियमों एवं एस0बी0डी0 नियमों का अनुपालन किया जा रहा है । अतः इन्हें तकनीकी बीड में "रिस्पौंसिव" पाया गया ।

(iii) तृतीय निविदादाता ई स्कवायर सिस्टम एंड टेक्नोलॉजी प्रा0 लिमिटेड, उड़ीसा है । इनके द्वारा अपलोड किए गए अभिलेखों की जाँचोपरांत पाया गया कि निविदा के अनिवार्य शर्त्त संख्या–30 एवं 32 के आलोक में क्रमशः विद्युत अनुज्ञप्ति प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र संबंधी कागजात अपलोड नहीं किया गया है । साथ ही, निविदा के अनिवार्य शर्त्त संख्या–18 एवं 20 के आलोक में क्रमशः अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र के मूल्य की राशि success अंकित होना चाहिए, जबकि e-proc2 के CS में WIP दर्शाया हुआ है । अतः इन्हें तकनीकी बीड में "नॉन–रिस्पौंसिव" पाया गया ।

15. दिनांक–05.11.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक का निर्णय–

सम्यक् विचारोपरांत समिति के सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से ई–निविदा के तकनीकी बीड में भाग लेने वाले तीन निविदादाताओं में से दो निविदादाता यथा मेसर्स ग्राफिक ट्रेडस प्रा० लिमिटेड, पटना एवं मेसर्स यूनिकॉम इंफोटेल प्रा० लिमिटेड, पटना को सफल तथा एक निविदादाता यथा ई स्कवायर सिस्टम एंड टेक्नोलॉजी प्रा० लिमिटेड, उड़ीसा को असफल घोषित करने का निर्णय लिया गया । साथ ही, समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर रखी जाय एवं दिनांक–12.11.2026 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाय। उक्त निर्धारित अवधि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ई–निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदादाताओं के वित्तीय बीड को खोलने हेतु आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई करेंगे ।

अंत में सधन्यवाद बैठक समाप्त हुई ।

05/11/26
(विपिन कुमार)
विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3, पटना ।

05/11/26
(आदित्य राज)
विद्युत अधीक्षण अभियंता,
विद्युत भवन अंचल, पटना ।

5/11/26
(असीम कुमार)
मुख्य विद्युत अभियंता–1,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।

ज्ञापांक–प्र022/भ0वि0प्राक्क0–92/26– 732 (20) दिनांक– 5/11/26

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।

5/11/26
(असीम कुमार)
मुख्य विद्युत अभियंता–1,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।